**स्पाइसेस बोर्ड**

**(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)**

**सुगंध भवन, एन.एच. बाई पास, पी.बी. नं.2277,**

**पालारिवट्टम पी.ओ., कोच्चिन-682025**

**टेलीफोन: 0484-2333610 से 616 तक, 2347965**

**फैक्स : 0484 - 2341935**

**अधिसूचना नं. प्रशासन/नियुक्ति/05/2022-23**

**संविदा  धार पर कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक की नियुक्ति**

स्पाइसेस बोर्ड, मुख्यालय, कोच्ची और उसके बाहरी कार्यालयों में तैनाती के लिए संविदा आधार पर कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक के रूप में नियुक्त करने के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है। नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी और प्रदर्शन एवं अपेक्षा के अनुसार दो वर्ष तक बढ़ायी जा सकती है। नियुक्ति के विस्तृत निबंधन एवं शर्तें तथा पात्रता मानदंड नीचे दिए गए हैं:

**कार्यपालक (विपणन)**

| क्रमांक | कार्यालय वार अपेक्षा/कार्य का स्थान | कार्यालय का नाम | अपेक्षित मांग |
|---|---|---|---|
| 1 | | गुंटूर, आन्ध्र प्रदेश | 1 |
| | | निज़ामाबाद, तेलंगाना | 1 |
| | | गांटोक, सिक्किम | 1 |
| | | गुना स्पाइसेस पार्क, मध्य प्रदेश | 1 |
| | | गुवाहटी, असम | 1 |
| | | मुंबई, महाराष्ट्र | 1 |
| 2 | शैक्षिक योग्यता | एमबीए (विपणन) या समकक्ष (नियमित पाठ्यक्रम) | |
| 3 | आयु सीमा | 40 वर्ष से अधिक न हो। | |
| 4 | अनुभव | कृषि/ उद्यानिकी/ संसाधित मूल्य वर्धित उत्पादों के विपणन/निर्यात में कम से कम दो साल का अनुभव | |
| 5 | पारिश्रमिक | प्रथम वर्ष के लिए प्रतिमाह 30,000/- रु. और बढ़ाई गई अवधि के लिए प्रतिमाह 35,000/- रु. | |
| 6 | नियुक्ति की अवधि | एक वर्ष जो एक और वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। | |
| 7 | चयन का तरीका | चयन लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार के आधार पर होगा। | |
| 8 | साक्षात्कार का स्थान, तारीख व समय | संबंधित स्थान के स्पाइसेस बोर्ड कार्यालय<br>तारीख व समय यथासमय सूचित किया जाएगा | |

**कार्यपालक (विकास)**

| क्रमांक | कार्यालय वार अपेक्षा/कार्य का स्थान | कार्यालय का नाम | अपेक्षित मांग |
|---|---|---|---|
| | | बाराबंकी, उत्तर प्रदेश | 1 |
| | | गुवाहटी, असम | 1 |
| | | ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| | | नमसी, अरुणाचल प्रदेश | 1 |
| | | अगरतला, त्रिपुरा | 1 |
| | | मुंबई, महाराष्ट्र | 1 |
| | | पोंडा, गोवा | 1 |
| | | ऊना, हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 2 | शैक्षिक योग्यता | बी.एससी. (कृषि/ उद्यानिकी/ वानिकी) (नियमित पाठ्यक्रम)<br>अथवा<br>एमएससी. वनस्पति-विज्ञान (सामान्य / विशेषज्ञता) (नियमित पाठ्यक्रम) | |
| 3 | आयु सीमा | 40 वर्ष से अधिक न हो। | |
| 4 | अनुभव | अध्ययन से संबंधित क्षेत्र में या कृषि / उद्यानिकी से संबंधित क्षेत्रों में कम से कम दो वर्ष। | |
| 5 | पारिश्रमिक | प्रथम वर्ष के लिए प्रतिमाह 30,000/- रु. और बढ़ाई गई अवधि के लिए प्रतिमाह 35,000/- रु. | |
| 6 | नियुक्ति की अवधि | एक वर्ष जो एक और वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। | |
| 7 | चयन का तरीका | चयन लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार के आधार पर होगा। | |
| 8 | साक्षात्कार का स्थान, तारीख व समय | संबंधित स्थान के स्पाइसेस बोर्ड कार्यालय<br>तारीख व समय यथासमय सूचित किया जाएगा | |

**<u>व्यापार विश्लेषक</u>**

| क्रमांक | कार्यालय वार अपेक्षा/कार्य का स्थान | कार्यालय का नाम | अपेक्षित मांग |
|---|---|---|---|
| | | कोच्ची, केरल | 1 |
| 2 | शैक्षिक योग्यता | यूजीसी के तहत किसी भी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से एमए (अर्थशास्त्र) (नियमित पाठ्यक्रम) | |
| 3 | आयु सीमा | 40 वर्ष से अधिक न हो। | |
| 4 | अनुभव | बाज़ार अनुसंधान/ व्यापार या निर्यात संवर्धन/आंकड़े विश्लेषण / डिजिटल मारकेटिंग/एफएमसीजी अनुभव में दो साल का अनुभव | |
| 5 | पारिश्रमिक | प्रथम वर्ष के लिए प्रतिमाह 30,000/- रु. और बढ़ाई गई अवधि के लिए प्रतिमाह 35,000/- रु. | |
| 6 | नियुक्ति की अवधि | एक वर्ष जो एक और वर्ष तक बढ़ाई जा सकती है। | |

| | | |
|---|---|---|
| 7 | चयन का तरीका | चयन लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार के आधार पर होगा। |
| 8 | साक्षात्कार का स्थान, तारीख व समय | स्थान :स्पाइसेस बोर्ड<br>(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)<br>"सुगंध भवन" एन.एच. बाईपास,<br>पालारिवट्टम पी.ओ., कोच्ची-682025,<br>केरल, भारत - फोन:0484 2333610<br>तारीख व समय यथासमय सूचित किया जाएगा |

**चयन का तरीका:** शोर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को बोर्ड द्वारा लिखित परीक्षा और/या साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार में अर्हता प्राप्त करने वाले आवेदकों की एक रैंक सूची / पैनल का गठन किया जाएगा और बोर्ड की अपेक्षा के अनुसार कार्यपालक (विकास) / कार्यपालक (विपणन) / व्यापार विश्लेषक के रूप में नियुक्त किया जाएगा। उल्लिखित प्रत्येक कार्यालयों के लिए अलग-अलग पैनल/रैंक सूची तैयार किया जाएगा और पैनल की वैधता एक वर्ष के लिए होगी। पात्र उम्मीदवार दिए गए फोर्मेट में (संलग्नक I के रूप में संलग्न फोर्मेट) योग्यता और अनुभव के समर्थन में सुसंगत दस्तावेज़ों के साथ **09.09.2023** को या उससे पहले hrd.sb-ker@gov.in पर अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। **उम्मीदवारों को  वेदन में अपनी पसंद के स्थान का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए।** आवेदन की हार्ड कॉपी **09.09.2023** को या उससे पहले सचिव, स्पाइसेस बोर्ड, कोच्ची को प्रस्तुत कर सकता है।

**निदेशक(प्रशासन)**

**तारीख: 14 अगस्त, 2023**

**<u>उम्मीदवारों को अनुदेश:</u>**

1. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे उपरोक्त पद के लिए पात्रता मानदंड को पूरा करते हैं।
2. उम्मीदवारों की नियुक्ति पूरी तरह से संविदा आधार पर होगी और किसी भी परिस्थिति में नियमित नियुक्ति से जुड़ी नहीं है और किसी भी स्तर पर नियमित नहीं की जा सकती है।
3. चयनित उम्मीदवार 200/- रू. के स्टैंप पेपर पर एक करार निष्पादित करेगा।
4. उम्मीदवार अपना आवेदन निम्नलिखित क्रम में एक एकल पीडीएफ के रूप में भेज सकते हैं (क) अनुबंध-I (ख) शैक्षिक योग्यताएँ (कालक्रमानुसार) (ग)पहचान प्रमाण (घ)अनुभव प्रमाणपत्र, (ङ)संगत दस्तावेज़ यदि कोई है तो। उम्मीदवार को आवेदन पत्र (संलग्नक- I) में उस उपयुक्त पद का उल्लेख करना होगा जिसके लिए वह आवेदन करना चाहता है। [उदाहरण: "कार्यपालक (विपणन) / कार्यपालक (विकास) / व्यापार विश्लेषक के लिए आवेदन"]।
5. साक्षात्कार के लिए शोर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों की सूची बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। साक्षात्कार के स्थान और तारीख यथासमय सूचित किया जाएगा।
6. उम्मीदवारों से सलाह दी जाती है कि स्पाईसेस बोर्ड से संचार प्राप्त करने के लिए वे उपना ई-मेल आई डी और मोबाइल नं. सक्रिय रखें।
7. यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने कोई गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी **रद्द मानी जाएगी**। यदि चयन के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

8. किसी भी तरह का अनुयाचन अयोग्यता होगी।
9. आयु, योग्यता आदि के संबंध में आवेदकों की पात्रता **09.08.2023** के अनुसार निर्धारित की जाएगी।
10. उम्मीदवारों को, अद्यतन सूचना हेतु बोर्ड की औद्योगिक वेबसाइट www.indianspices.com में सूचना/अवसर पेज जांच करने और किसी तीसरी पार्टी की वेबसाइट पर भरोसा न करने की सलाह दी जाती है।
11. आवेदन, जो सहायक दस्तावेज़ों के साथ अधिसूचना के अनुबंध-I के अनुसार निर्धारित फॉर्मेट में प्राप्त नहीं होता है, उनपर विचार नहीं किया जाएगा।
12. समाप्ति: स्पाइसेस बोर्ड को एक (1) महीने की पूर्व लिखित सूचना देकर इस संविदा को समाप्त करने का अधिकार है।

**स्पाइसेस बोर्ड में कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक की नियुक्ति के लिए निबंधन और शर्तें**

1. अनुप्रयोज्य मामलों में देय पारिश्रमिक प्रथम वर्ष के लिए प्रतिमाह 30,000/- रु. और बढ़ाई गई अवधि के लिए प्रतिमाह 35,000/- रु. होगी। एक महीने में प्रदान की गई सेवा के लिए पारिश्रमिक उत्तरवर्ती महीने में देय होगा।

2. नियुक्ति की अवधि प्रारंभ में एक वर्ष केलिए होगी और उनके निष्पादन के आधार पर अपेक्षा के अनुसार आगे एक और वर्ष केलिए बढ़ाई जा सकती है।

3. कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक महंगाई भत्ता, परिवहन सुविधा, आवासीय व्यवस्था, निजी स्टाफ, सीजीएचएस तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति आदि जैसे किसी भी प्रकार के भत्ते या आवास-सुविधा प्राप्त होने के हकदार नहीं होंगे।

4. साक्षात्कार, कार्य में शामिल होने या इसके पूरा होने के लिए कोई यात्रा भत्ता / महंगाई भत्ता ग्राह्य नहीं होगा। फिर भी, यदि बोर्ड के कार्यालयीन काम के सिलसिले में, उन्हें देश के अंदर यात्रा करना अपेक्षित है तो, जिस ग्रेड से वे सेवानिवृत्त हुए थे, उसी ग्रेड के नियमित पदाधिकारी केलिए ग्राह्य यात्रा भत्ते/महंगाई भत्ते का, सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद, भुगतान किया जाएगा।

5. कार्य समय: कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक निर्धारितानुसार कार्यालय के साधारण कार्य समय का अनुसरण करेगा (अर्थात् सुबह 9.00 बजे से सायं 5.30 बजे तक)। वैसे, अनिवार्य मामलों में, उनको समयबद्ध कार्य को पूरा करने के लिए शनिवार और कार्यालय समय के बाद भी काम करना पड़ सकता है।

6. अवकाश: यथानुपात आधार पर कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक एक कलेंडर वर्ष यथानुपात आधार पर, बारह(12) दिनों के अवकाश केलिए पात्र होंगे। कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक को अनुमेय अवकाश की अधिकता में अनुपस्थिति की अवधि केलिए कोई पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा, अनुपयुक्त अवकाश को न अगले वर्ष केलिए अग्रेनीत किया जाएगा, न ही उसका नकदीकरण किया जाएगा।

7. स्रोत पर कर कटौती (टी डी एस): ग्राह्य के अनुसार, टीडीएस को कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक के मासिक पारिश्रमिक से काट दिया जाएगा। मांग करने पर, बोर्ड द्वारा टीडीएस प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

8. नियुक्ति की अवधि के दौरान, कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक को बोर्ड द्वारा

समय-समय पर दिए जाने वाले बोर्ड से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कार्यों के मदों में भाग लेना होगा।

9. स्पाइसेस बोर्ड के साथ उनके कार्य की अवधि के दौरान और उसके बाद भी, यह संभावना है कि वे महत्वपूर्ण / गोपनीय प्रकृति की कुछ जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वे अपने कार्य की अवधि के दौरान उनके द्वारा एकत्रित की गई कोई भी जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति से प्रकट नहीं करेंगे, जो उसे जानने/प्राप्त करने के लिए अधिकृत नहीं है।

10. स्पाइसेस बोर्ड, जरूरत पड़ने पर, कोई नोटिस जारी किए बिना या कोई कारण बताए बिना, चयन प्रक्रिया को संशोधित / परिवर्तित / प्रतिबंधित / बढ़ाने / रद्द करने का अधिकार रखता है। बोर्ड का निर्णय अंतिम होगा और इस मुद्दे के खिलाफ किसी भी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

11. नियुक्ति का समापन: स्पाइसेस बोर्ड निम्नलिखित स्थितियों में कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक की नियुक्ति समाप्त करेगा:

(क) कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक निर्दिष्ट कार्य करने में असमर्थ है;

(ख) कार्य की गुणवत्ता बोर्ड की संतुष्टि के अनुरूप नहीं है;

(ग) बोर्ड द्वारा तय किए गए अनुसार लक्ष्यों की समय पर उपलब्ध कराने में कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक विफल रहता है;

(घ) कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक में ईमानदारी और सत्यनिष्ठा का अभाव पाया जाता है।

नोट: बोर्ड को पास परामर्शदाता वित्त को एक महीने की लिखित सूचना प्रदान करते हुए नियुक्ति समाप्त करने का अधिकार रखता है। यह समाप्ति, ऐसी सूचना की सुपुर्दगी के एक महीने के पूरा होने के बाद ठीक अगले दिन से प्रभावी होगी।

**तारीख : 14 अगस्त 2023** **निदेशक (प्रशासन)**

...............

संलग्नक-I

**कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक के लिए □ वेदन**

**स्थान:**

हाल के पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएँ

<table>
<tr><td>1</td><td>आवेदन किया गया पद का नाम</td><td colspan="2">कार्यपालक (विपणन) / कार्यपालक (विकास) / व्यापार विश्लेषक</td></tr>
<tr><td>2</td><td>स्थान<br>**(उम्मीदवारों को □ वेदन में अपनी पसंद के स्थान का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए)**</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>3</td><td>पूरा नाम (ब्लॉक लेटर में)</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>4</td><td>पिता/पति का नाम</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>5</td><td>जन्म तिथि एवं लिंग</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td rowspan="2">6</td><td rowspan="2">संपर्क विवरण</td><td>मोबाईल नं /टेलीफोन नं.</td><td></td></tr>
<tr><td>ई-मेल आईडी</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="2">7</td><td rowspan="2">संपर्क के लिए पता</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>पिन कोड</td><td></td></tr>
<tr><td rowspan="2">8</td><td rowspan="2">स्थाई पता</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td colspan="2">पिन कोड</td></tr>
</table>

9. पात्रता मानदंड/प्रस्तुत किया गया दस्तावेज़।

| क्रमांक | पात्रता मानदंड | विवरण | | | दस्तावेज़ संलग्न है (हाँ/नहीं) | सत्यापन (केवल कार्यालय प्रयोजन के लिए) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क) जन्म तिथि<br>ख) आयु<br>(जैसा कि 19.08.2022 को है 40 वर्ष से कम न हो) | a)<br>b) | | | | |
| 2. | शैक्षिक योग्यताएँ | विश्वविद्यालय/ संस्था का नाम | उत्तीरण होने का वर्ष | प्राप्त अंकों के साथ प्राप्त श्रेणी | | |
| 3. | | | | | | |

10. अनुभव का विवरण

| क्रमांक | अनुभव का क्षेत्र | अनुभव का विवरण | | अवधि | | दस्तावेज़ संलग्न है (हाँ/नहीं) | सत्यापन (केवल कार्यालय प्रयोजन के लिए) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | धारण किए पद (कर्मचारी) | संस्था का नाम | से- तक | पूरा किए वर्ष एवं महीने | | |
| 1 | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | |
| | | | | | | | |

घोषणा

मैं इसके द्वारा घोषणआ करता/करती हूँ कि उपरोक्त प्रस्तुत की गई सभी जानकारी मेरे ज्ञान और विश्वास क अनुसार सच और सही है। मैं समझता/समझती हूँ और सहमत हूँ कि साक्षात्कार/चयन के पहले या बाद में किसी भी समय उपरोक्त दी गई जानकारी झीठी या गलत/अपूर्ण पाई गई या अपात्रता पाई जाने की स्थिति में मेरी उम्मीदवारी को अस्वीकार कर दिया जाएगा और में स्पाइसेस बोर्ड के निर्णय पर बाध्य रहूँगा/रहूँगी। मैं ने उपरोक्त सभी निबंधन और शर्ते पढ़ ली है और मैं कार्यपालक (विपणन), कार्यपालक (विकास) एवं व्यापार विश्लेषक की नियुक्ति के लिए सभी निबंधन और शर्तो को स्वीकार करने के लिए तैयार हूँ।

स्थान :　　　　　　　　　　हस्ताक्षर :

तारीख:　　　　　　　　　　नाम: